द्वितीय द्विमासिक परीक्षा 2022-23

कक्षा द्वादश

समय- 01 घण्टा | **विषय हिन्दी** | **पूर्णांक : 20**

आलोक-सभी प्रश्नों के उत्तर स्पष्ट एवं सुलेख में दीजिए।

प्रश्न 01. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पूर्वजों ने चरित्र और धर्म विज्ञान, साहित्य, कला और संस्कृति के क्षेत्र में जो कुछ भी पराक्रम किया है, उस सारे विस्तार को हम गौरव के साथ धारण करते हैं और उसके तेज को अपने भावी जीवन में साक्षात देखना चाहते हैं। यही राष्ट्र संवर्धन का स्वाभाविक प्रकार है, जहाँ अतीत वर्तमान के लिए भार रूप नहीं है, जहाँ भूत वर्तमान को जकड़ नहीं रखना चाहता वरन् अपने वरदान से पुष्ट करके उसे आगे बढ़ाना चाहता है, उस राष्ट्र का हम स्वागत करते हैं।

क-	उपर्युक्त गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।	2
ख-	रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।	2
ग-	पूर्वजों की किन उपलब्धियों को हम गौरव के साथ धारण करते हैं?	2
घ-	हम किस राष्ट्र का स्वागत करते हैं?	2
ङ-	प्रस्तुत गद्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए।	2

प्रश्न 02. निम्नलिखित अवतरण का ससन्दर्भ हिन्दी अनुवाद कीजिए। 2+5=7

संस्कृतस्य साहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये पद्ये च लालित्यं, भावबोध सामर्थ्यम्, अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्रनिर्माणार्थ यादृशी सत्प्रेरणा संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशीम् किञ्चदन्यत्। मूलभूतानां मानवीय गुणानां यादृशी विवेचना संस्कृत साहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशी। दया, दानं, शौचम, औदार्यम्, अनसूया, क्षमा, अन्ये चानेके गुणाः अस्य साहित्यस्य अनुशीलनेन सञ्जान्यन्ते।

प्रश्न 03.

क-	निम्नलिखित शब्द युग्म का सही अर्थ लिखिए। वसन-व्यसन।	1
ख-	'पतंग' शब्द के दो अर्थ लिखिए।	1
ग-	निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए। 1-जो पहले कभी न हुआ हो- 2-किसी वस्तु को प्राप्त करने की तीव्र इच्छा-	1

https://www.upboardonline.com